भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

11.02.2026 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2045 का उत्तर

प्रीमियम और एसी सेवाओं में वृद्धि

2045. श्री सचिदानन्दम आर.:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उन ट्रेनों की संख्या कितनी है, जिनमें शयनयान श्रेणी और अनारक्षित डिब्बों की संख्या कम कर प्रीमियम और एसी सेवाओं में वृद्धि की गई है; और

(ख) क्या शयनयान और द्वितीय श्रेणी के किरायों में वृद्धि और डिब्बों की संख्या में कमी के कारण गरीब लोग रेल यात्रा से वंचित हो गए हैं और यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) और (ख): भारतीय रेल ने सामान्य/शयनयान श्रेणी की यात्रा की अपेक्षा करने वाले यात्रियों के लिए सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि की है। केवल वित्त वर्ष 2024-25 में ही, लंबी दूरी की विभिन्न गाड़ियों में 1250 सामान्य सवारी डिब्बों का उपयोग किया गया। चालू वित्त वर्ष (दिसंबर, 2025 तक) में, 767 सवारी डिब्बों का स्थायी संवर्धन हेतु उपयोग किया गया है। कम और मध्यम आय वर्ग वाले परिवारों की यात्रा संबंधी मांग को पूरा करने के लिए, भारतीय रेल ने 17,000 अवातानुकूलित सवारी डिब्बों (सामान्य/शयनयान) का विनिर्माण शुरू किया है।

भारतीय रेल पर, अवातानुकूलित सवारी डिब्बों का प्रतिशत लगभग 70% है, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

तालिका 1: सवारी डिब्बों का वितरण:

अवातानुकूलित सवारी डिब्बे (सामान्य एवं शयनयान)	**लगभग 57,200**	**लगभग 70%**
वातानुकूलित सवारी डिब्बे	**लगभग 25,000**	**लगभग 30%**
कुल सवारी डिब्बे	**लगभग 82,200**	**100%**

सामान्य सवारी डिब्बों की अधिक उपलब्धता के कारण, सामान्य/अनारक्षित सवारी डिब्बों में यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है:

तालिका 2: सामान्य/अनारक्षित सवारी डिब्बों में यात्री:

वर्ष	**यात्रियों की संख्या**
2020-21	**99 करोड़ (कोविड वर्ष)**
2021-22	**275 करोड़ (कोविड वर्ष)**
2022-23	**553 करोड़**
2023-24	**609 करोड़**
2024-25	**651 करोड़**

अवातानुकूलित सवारी डिब्बों के यात्रियों के लिए उपलब्ध सीटों की संख्या में भी बढ़ोतरी की गई है। वर्तमान संरचना निम्नानुसार है:

तालिका 3: सीटों का वितरण:

अवातानुकूलित सीटें	**लगभग 54 लाख**	**लगभग 78%**
वातानुकूलित सीटें	**लगभग 15 लाख**	**लगभग 22%**
कुल	**लगभग 69 लाख**	**100%**

इसके अलावा, सामान्य और अवातानुकूलित शयनयान सवारी डिब्बों का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए अधिक स्थान मुहैया कराने के लिए, मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों की संरचना के संबंध में मौजूदा नीति में 22 सवारी डिब्बों की गाड़ी में 12 (बारह) सामान्य श्रेणी और शयनयान श्रेणी के अवातानुकूलित सवारी डिब्बों और 08 (आठ) वातानुकूलित सवारी डिब्बों का प्रावधान है, जिससे सामान्य और अवातानुकूलित शयनयान सवारी डिब्बों का उपयोग करने वाले यात्रियों के लिए अधिक स्थान मुहैया कराया जाएगा।

अमृत भारत सेवाः

निम्न एवं मध्यम आय वर्ग के परिवारों को किफायती यातायात साधन उपलब्ध कराने हेतु भारतीय रेल ने अमृत भारत सेवाएँ प्रारम्भ की हैं, जो पूर्णतः अवातानुकूलित आधुनिक रेलगाड़ियां हैं। 31.01.2026 की स्थिति के अनुसार, 54 रेलगाड़ी सेवाएं पहले से ही परिचालित हैं। वर्तमान में, अमृत भारत में 11 सामान्य श्रेणी के सवारी डिब्बें, 8 शयनयान श्रेणी के सवारी डिब्बें, 1 रसोई-यान और 2 द्वितीय श्रेणी सामान सह दिव्यांगजन सवारी डिब्बे शामिल हैं।

उच्च गति और उन्नत संरक्षा मानक इन गाड़ियों की विशिष्टताएं हैं, जिनमें निम्नलिखित उन्नत सुविधाएँ और विशेषताएं शामिल हैं:

- वंदे भारत स्लीपर के समान उन्नत रूप और अनुभूति वाले सीट और बर्थ का बेहतर साज-सज्जा।
- झटका मुक्त सेमी-ऑटोमेटिक कपलर्स।
- क्रैश ट्यूब के प्रावधान से सवारी डिब्बों में बेहतर क्रैशवर्दीनैस।
- सभी सवारी डिब्बों और सामान कक्ष में सीसीटीवी प्रणाली का प्रावधान।
- शौचालयों का बेहतर डिज़ाइन।
- बर्थ पर आसानी से चढ़ने के लिए सीढ़ी का बेहतर डिज़ाइन।
- बेहतर एलईडी लाइट फिटिंग और चार्जिंग सॉकेट।
- ईपी सहायता प्राप्त ब्रेकिंग प्रणाली का प्रावधान।
- शौचालयों और इलेक्ट्रिकल क्यूबिकल्स में एरोसोल आधारित अग्नि शमन प्रणाली।
- यूएसबी टाइप-ए और टाइप-सी मोबाइल चार्जिंग सॉकेट।

- **यात्री और गार्ड/रेलगाड़ी प्रबंधक के बीच पारस्परिक संप्रेषण के लिए आपातकालीन टॉक-बैक प्रणाली।**
- **उन्नत तापन क्षमता वाली गैर-वातानुकूलित रसोई-यान।**
- **आसानी से जोड़ने और अलग करने के लिए त्वरित मोचन प्रणाली वाले पूर्ण रूप से सीलबंद गैंगवे।**

इसके अलावा, अनारक्षित सीट का लाभ उठाने को इच्छुक यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए, भारतीय रेल किफायती यात्रा हेतु अनारक्षित गैर-वातानुकूलित पैसेंजर गाड़ियों/मेमू/ईएमयू आदि का परिचालन करती है जो मेल/एक्सप्रेस सेवाओं में अनारक्षित सीट (सवारी डिब्बों) के अतिरिक्त हैं।

इसके अलावा, यात्रा करने वाले यात्रियों को अतिरिक्त सीट प्रदान करने के अपने निरंतर प्रयास में, भारतीय रेल ने 2025-26 (दिसंबर 2025 तक) के दौरान 245 रेलगाड़ी सेवाएं शुरू की हैं, 101 गाड़ी सेवाओं का चालन क्षेत्र बढ़ाया गया है और 8 सेवाओं के फेरे भी बढ़ाए हैं।

भारतीय रेल यात्रियों की अतिरिक्त आवश्यकताओं को पूरा करने और नियमित सेवाओं में उपलब्ध सीटों में वृद्धि करने के लिए त्योहारों, छुट्टियों आदि के दौरान स्पेशल रेलगाड़ी सेवाओं का भी परिचालन करती है। उपर्युक्त के अलावा, विभिन्न खंडों के यात्रियों के लिए अतिरिक्त सीटों को बढ़ाने हेतु स्थायी और अस्थायी आधार पर गाड़ियों में भी वृद्धि की जाती है। तदनुसार, वर्ष 2025-26 (दिसंबर 2025 तक) के दौरान, लगभग 65,000 स्पेशल रेलगाड़ियों का परिचालन किया गया है और स्थायी आधार पर गाड़ी सेवाओं को बढ़ाने के लिए 767 सवारी डिब्बों का उपयोग किया गया है।

******